बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

आदेश

पटना, दिनांक.............................

संख्या–17/पेन०–01–71/2023......................./माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर सी०डब्लू०जे०सी० संख्या 14674/2022 में दिनांक 27.06.2023 को पारित आदेश के अनुपालन में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक 572 दिनांक 11.07.2023 द्वारा श्रीमती जयन्ती कुमारी शाही, सेवानिवृत्त अवर शिक्षा सेवा संवर्ग, कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना (समायोजित कर्मी) को अन्य समस्थानिक समायोजित कर्मियों की भाँति दिनांक 05.04.2007 से योगदान स्वीकृत मानते हुए वार्द्धक्य सेवानिवृत्ति की तिथि–30.04.2010 तक कार्यरत माना गया तथा तदनुरूप बकाया वेतनादि एवं पेंशनादि अनुमान्य किया गया। इन्हें पटना जिला अंतर्गत पदस्थापित मानते हुए इनके पावना के भुगतान की कार्रवाई इनके समस्थानिक समायोजित कर्मी के सापेक्ष करने का निदेश दिया गया।

श्रीमती शाही एक भी दिन सेवा में कार्यरत नहीं रही हैं। ऐसे में इनके द्वारा विभागीय परीक्षा एवं हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना संभव नहीं था।

अतः सम्यक् विचारोपरान्त श्रीमती जयन्ती कुमारी शाही, सेवानिवृत्त अवर शिक्षा सेवा संवर्ग, कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना (समायोजित कर्मी) के विभागीय परीक्षा एवं हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्णता को क्षान्त किया जाता है। तदनुसार सभी परिणामी लाभ अनुमान्य होंगे।

इसके साथ ही मामले को निष्पादित किया जाता है।

ह०/-
(विक्रम विरकर)
निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)

ज्ञापांकः–17/पेन०–01–71/2023......–303......
पटना, दिनांक 24.02.2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना/सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, ICDS , बिहार, पटना/निदेशक, जन शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, पेंशन शाखा (प्रशाखा–17), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), पटना/संबंधित कोषागार/उप कोषागार पदाधिकारी/श्रीमती जयन्ती कुमारी शाही, सेवानिवृत्त अवर शिक्षा सेवा संवर्ग, कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना (समायोजित कर्मी), पत्राचार का पता–C/o–श्री कमल किशोर सिंह, ग्राम–विशुनपुर सरैया, पो०–देवरिया कोठी, मुजफ्फरपुर–843120 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को निदेश दिया जाता है कि इसे संबंधित को ई–मेल करना एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

24/02/26

निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)

Signed by
Vikram Virkar
Date: 20-02-2026 19:33:28